भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 300
दिनांक 03 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

कामकाजी महिला छात्रावास

300. श्रीमती नुसरत जहां:

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल के बशीरहाट जिले में संचालित कामकाजी महिला छात्रावासों का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त राज्य में उपलब्ध ऐसी सभी सुविधाओं का शहर-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार उक्त सुविधाओं का किस प्रकार विस्तार करने का विचार रखती है;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसी सुविधाओं हेतु नामांकित की गई और लाभान्वित होने वाली महिलाओं का ब्यौरा क्या है; और
(ड.) उक्त सुविधाओं/योजना पर सरकार द्वारा कुल कितना व्यय किया गया है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) और (ख) : पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार द्वारा सूचित किया गया है, यह राज्य में कामकाजी महिला छात्रावास(डब्ल्यूडब्ल्यूएच) पर किसी भी स्कीम को लागू नहीं करता है।

(ग) से (ङ) : नई अनुमोदित मिशन शक्ति के तहत डब्ल्यूडब्ल्यूएच को सखी निवास के नाम से जाना जाता है। यह एक मांग आधारित स्कीम है, जिसका उद्देश्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की जरूरत और आवश्यकता के अनुसार कामकाजी महिलाओं के लिए शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी जहां महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर मौजूद हैं उनके बच्चों के लिए डे-केयर सुविधा के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक आवास की उपलब्धता को बढ़ावा देना है।

पिछले पांच वर्षों की अवधि के दौरान स्कीम के तहत 23,319 महिला लाभार्थियों पर वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक 121.40 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है।

*****